अमर उजाला फिरोजाबाद amarujala.com

मिशन शक्ति से दिया सशक्त भारत का संदेश

कहा-रैलियों व नुक्कड़ नाटको से भी महिलाओं में जागरूकता बढ़ाई जा सकती

संवाद न्यूज एजेंसी

शिकोहाबाद। पालीवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति फेज-6 के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें शिक्षकों द्वारा महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के आयोजक प्रो. एमपी सिंह ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाना प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार की ओर से महिला सुरक्षा के लिए कई टोल फ्री नंबरों की सेवाएं शुरू की गई हैं। सभी को इन्हें जरूरत के हिसाब से अमल में लाना चाहिए। रैलियों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी महिलाओं में जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विशाल पाठक ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाना आज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

इस अवसर पर डॉ. अजय करण चौधरी, एनसीसी प्रभारी डॉ. आरबी पांडेय, डॉ. टीएच नकवी, छात्रा हर्षिता यादव, उपासना और भूमि ने नारी सशक्तीकरण पर अपने विचार रखे।



चेकिंग के दौरान यातायात नियम के प्रति जागरुक करतीं छात्रा अनुष्का यादव। स्रोत: पुलिस

अनुष्का बनीं मक्खनपुर की एक दिन की थानाध्यक्ष, सुनीं समस्याएं

मक्खनपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत शनिवार को मक्खनपुर थाने में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा अनुष्का यादव को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। थानाध्यक्ष चमन कुमार शर्मा ने उनका स्वागत किया। एक दिन की थानेदार बनी अनुष्का ने थाने की कार्यप्रणाली समझी और घरेलू हिंसा समेत दो फरियादियों की समस्याएं सुनकर उचित निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग भी की। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को रोककर यातायात नियमों का पाठ भी पढ़ाया। संवाद

छात्राओं को किया है जागरूक

फिरोजाबाद। मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत शनिवार को जिलेभर में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को सुरक्षा एवं अधिकारों की जानकारी दी। एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में पुलिस टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर महिला अपराधों की रोकथाम और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। उन्हें महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। इसके अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। संवाद

निडर बनें बेटियां, परेशानी होने पर तुरंत लें पुलिस की मदद

फिरोजाबाद। बेटियां अपने अधिकारों को पहचानें और किसी भी परेशानी में चुप रहने के बजाय आवाज़ उठाएं। शनिवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत सिरसागंज पब्लिक स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक कर निडर होकर पुलिस से मदद लेने के लिए प्रेरित किया। सीओ चंचल त्यागी ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की मदद के लिए 112 और महिला संबंधी शिकायत के लिए 1090 पर कॉल कर सकती हैं। संवाद सत्र में सीओ ने छात्राओं के सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने बालिकाओं से अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की अपील की। संवाद